# तेज आवाज के डीजे साउंड मचा रहे कानफोड़ू शोर

**खास बातें**

- तेज ध्वनि से बुजुर्ग, बच्चे, मरीज सहित आमजन परेशान
- शादी, बारात, समारोह में तेज आवाज में बज रहे डीजे साउंड



## देर रात तक बजते डीजे छीन रहे नींद- चैन

ध्वनि विस्तारक यंत्रों की तेज आवाज के कारण लोगों को खासी परेशानी होती है. खासतौर पर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों, बच्चों एवं बुजुर्गों को डीजे साउंड आदि के शोरगुल एवं धमक के कारण काफी परेशान होना पड़ता है. देर रात तक तेज आवाज में डीजे साउंड बजने से लोगों की नींद, चैन छिन जाता है. वही इससे विद्यार्थियों को अध्ययन करने में भी परेशानी होती है. खासतौर पर मैरिज गार्डन, धर्मशाला, प्रमुख रास्तों के आसपास रहने वाले लोगों को इससे खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है.

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 1 दिसम्बर, क्षेत्र में कई शादी, बारात, समारोह के दौरान डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र कान फोड़ू शोर मचाते दिख रहे हैं. इनकी तेज आवाज एवं धमक के कारण बुजुर्गों, बच्चों सहित आमजन को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. खासतौर पर मरीजों को काफी परेशानी होती है. देर रात तक यह डीजे साउंड शोरगुल मचाते रहते है. लेकिन इन पर लगाम नहीं लग पा रही है.**

क्षेत्र में इन दिनों शादी, बारात, समारोह आदि के दौरान तेज आवाज में डीजे साउंड आदि का उपयोग किया जाता है. तो कई बार देर तक इन डीजे साउंड को बजाया जाता है. तेज आवाज में बजने वाले डीजे साउंड का शोरगुल लोगों की परेशानी का सबब बन जाता है. वही इसके कारण बीमारियों से जूझ रहे मरीजों, बच्चों, बुजुर्गों आदि को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है. लेकिन तेज आवाज में बजते इन डीजे साउंड पर अंकुश नहीं लग पा रहा है. कई बार मैरिज गार्डनों में भी तेज आवाज में साउंड, डीजे का शोरगुल सुनाई देता है. इस ओर ना तो आयोजक ध्यान देते है, ओर ना ही गार्डन संचालक इनपर रोक लगाते है. लोग मनमर्जी पूर्वक तेज आवाज में इनका उपयोग करते हैं. इनके उपयोग के दौरान निर्धारित मानकों का कोई पालन नहीं किया जाता है. वही देर रात तक बजते डीजे साउंड लोगों की नींद और चैन छिन लेते है. चंद रुपयों के लालच में डीजे संचालक भी तेज आवाज में डीजे का उपयोग कर ध्वनि प्रदूषण करते हैं. क्षेत्र में इन दिनों शादी, बारात सहित अन्य समारोह में डीजे के उपयोग का प्रचलन तेजी से बढ़ा है. शादी, बारात में भव्यता के नाम पर डीजे, ध्वनि विस्तारक यंत्रों से होने वाला शोरगुल आम लोगों के लिए पीड़ादायक बन गया है. शादी, बारात में सड़कों पर घंटों तक लोग डीजे की धुन पर थिरकते नजर आते हैं. जिससे वहां से गुजरने वाले राहगीरों एवं रहवासियों को काफी परेशानी होती है. वहीं मैरिज गार्डनों एवं अन्य कार्यक्रम स्थलों में देर तक तेज ध्वनि में डीजे के साउंड से लोगों को परेशानी होती है. उसके बाद भी डीजे की तेज आवाज पर कोई प्रतिबंध दिखता नजर नहीं आ रहा है. नागरिकों ने मांग की है कि इनकी तेज आवाज पर रोक लगाई जावे. तथा इनको लेकर निर्धारित मानकों का पालन कराया जावे.

### इनका कहना है-

इस संबंध में थाना प्रभारी विमलेश राय का कहना है कि पूर्व में डीजे संचालकों की बैठक में उनको नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश दिये गये हैं. वही इनका नियम विरुद्ध उपयोग करते पाये जाने पर दोषियों पर कार्यवाही की जावेगी.



# विद्युतकर्मियों की लापरवाही से गई लाइनमैन की जान

**परिजनों ने 4 घंटे किया चक्का जाम**

**एक परिजन को नौकरी, पत्नी को पेंशन एवं 9.50 लाख की मांग**



नवभारत न्यूज

**पठारी 1 दिसम्बर,विद्युत कर्मचारी चंद्रेश विश्वकर्मा की विद्युत कर्मियों की लापरवाही से जान चली गई. खंबे पर काम करते समय परमिट होने के बाद बावजूद भी विद्युत सप्लाई चालू होने से विद्युतकर्मी चंद्रेश विश्वकर्मा की करंट लगने से मौत हो गई.**

परिजनों एवं ग्रामीणों ने मृतक के शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया. प्रारंभ में चक्का जाम विद्युत सर्विस स्टेशन के सामने किया गया था, लेकिन पुलिस द्वारा वाहनों का रूट डायवर्ट किए जाने के बाद प्रदर्शनकारियों ने फॉर्म चौराहे पर जाम लगा दिया.

इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई और स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए चार थानों के पुलिस बल बुलाया गया.जाम हटवाने के लिए एसडीएम मनीष जैन, तहसीलदार अभिषेक पांडे, एसडीओपी रोशनी सिंह, तथा विद्युत कंपनी के एसई सतेंद्र मौर्य, पठारी थाना प्रभारी गौरव बाजपेई मौके पर पहुंचे और परिजनों से लगातार बातचीत करते रहे.कई बार प्रदर्शनकारियों और प्रशासन के बीच गहमा-गहमी की स्थिति भी बनी.लगभग चार घंटे की मशक्कत और समझाइश के बाद विद्युत कंपनी द्वारा लिखित आश्वासन दिए जाने पर चक्का जाम समाप्त हुआ.कंपनी ने परिजनों को 9.50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, एक परिजन को योग्यता के आधार पर नौकरी और मृतक की पत्नी को पेंशन, एवं दोषी विद्युत कर्मियों पर कार्रवाई की मांग का आश्वासन दिया. लिखित सहमति मिलने के बाद परिजन शांत हुए और जाम को समाप्त कर दिया गया.

**एक नजर में**

## मणि भाई बने प्रदेश महासचिव

नवभारत न्यूज



**गंजबासौदा,** अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति से मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार की अनुशंसा पर नगर के वार्ड नंबर 4 के पार्षद प्रतिनिधि युवा संघर्ष शील नेता मणि भाई अहिरवार को प्रदेश महासचिव के पद पर नियुक्त किया है.इस नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारी और शुभचिंतकों ने मणि भाई अहिरवार को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं.आपकी नियुक्ति से कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी.

## नेत्र शिविर आज

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन आज मंगलवार को मिल रोड स्तिथ सद्गुरु विज़न सेंटर पर किया जा रहा है,जिसमे मोतियाबिंद की जांच की जावेगी एवं दवाई नि:शुल्क एवम चश्मा फ्री वितरण किया जावेंगे ऑपरेशन के बाद मरीजों को ट्रस्ट द्वारा कम्बल भी वितरित किये जावेंगे.उपरोक्त जानकारी शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने दी.डॉ राजकरण वर्मा ने भी नगर के नागरिकों से निवेदन किया है.

## श्रीमद्भगवद्गीता के 15 अध्यायों के श्लोक का किया वाचन

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** सांदीपनि स्कूल में गीता महोत्सव पर विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में सोमवार को छात्रों ने श्रीमद्भगवद्गीता के 15 अध्यायों के श्लोक, उनके अर्थ और जीवन से जुड़े संदेशों का संगठित वाचन किया. यह आयोजन बच्चों में गीता अध्ययन, जीवन मूल्य, संस्कार और आध्यात्मिक ज्ञान को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक और प्रेरणादायक पहल साबित हुआ. समारोह में विद्यालय के

पूर्व प्राचार्य आर.एन. शर्मा,पूर्व शिक्षक ओ.पी. दुबे,बीईओ उमेश सोनी, प्राचार्य महेश ताम्रकार, बीआरसी जितेंद्र श्रीवास्तव, राकेश सक्सेना, शिक्षक सत्यनारायण शर्मा, संजीव माथुर और अन्य शिक्षक उपस्थित रहे. कार्यक्रम में




पं. पूर्णानंद शर्मा ने बच्चों को गीता के नैतिक मूल्यों, कर्तव्य, सत्य, कर्मयोग पर मार्गदर्शन दिया. अतिथियों ने बच्चों को गीता के अध्ययन और जीवन में उसके उपयोग का संदेश दिया. वही तीन दिन पहले आयोजित ऑनलाइन गीता परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भोपाल में हुए मुख्य समारोह में सम्मानित किया गया.

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक गंभीर घायल, वाहन चालक हुआ फरार

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, त्योंदा पठारी मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया.देर शाम लगभग 6.30 बजे एक अज्ञात डीजे वाहन ने मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी. जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई.**

घटना त्योंदा तहसील मुख्यालय से करीब 6 किलोमीटर दूर हुई है. घायल व्यक्ति का नाम कंछेदी लाल वंशकार है, जो पवई गुलाबगंज का निवासी है.घटना इतनी भयानक थी कि कंछेदी लाल 30 फीट दूर जाकर गिरे.मौके पर ग्रामीण इकट्ठे हुए और उन्होंने तत्काल 112 को कॉल किया. 112 की टीम तुरंत पहुंची और घायल कंछेदी लाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्योंदा ले गई.टक्कर मारने वाला डीजे वाहन और उसका चालक फिलहाल फरार है. पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है.दुर्घटनाओं के लिए पुलिस जिम्मेदार क्यों नहीं होती जांच, लगातार वाहन दुर्घटनाएं हो रही हैं.इसका कारण वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते हैं.ड्राइवर तेज वाहन चलाते हैं.जैसे ही शहर में प्रवेश करते हैं ऊपर की जेब मैं रुपए रख लेते हैं.यातायात पुलिस कर्मी या चेकिंग करने वाले पुलिसकर्मियों को नोट थमा देते हैं और आगे बढ़ जाते हैं.उन्हें मालूम है नोट देंगे तो कागजात नहीं दिखाने पड़ेंगे पूछताछ भी नहीं होगी.यही सब कारण वाहन दुर्घटनाओं के बन रहे हैं.कई लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं.पुलिस कमजोर प्रकरण बना देती है.उनकी जमानत हो जाती है सख्त नियम होना चाहिए. जो ड्राइवर शराब पीकर वहां चलाएगा वह जेल जाएगा. उस पर कड़ी कार्रवाई होगी.

## श्रीमद् भागवत कथा के लिए निकली कलश यात्रा



नवभारत न्यूज

**पठारी,** नगर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा निकली गई कलश यात्रा में सर्व प्रथम शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर छोटी माता रानी की पूजन कर कलश यात्रा का शुभारंभ छोटी माता मंदिर से किया गया जो नगर के मुख्य बाजार, श्री राजमंदिर, हनुमान मंदिर बस स्टैंड, से फार्म चौराहा होते हुए शिव मंदिर पर समापन हुई कलश यात्रा में महिलाऐं पीली साड़ी पहने हुए थी एवं सिर पर मंगल कला रखकर चल रही थी वहीं नवयुवक डीजे, ढोल नगाड़े की धुन पर भक्ति भाव के साथ थिरकेते नज़र आएं श्री वृंदावन धाम से पधारी कथा वाचक श्री प्रियंका किशोरी के मुखारविंद से कथा का वाचन किया गया वहीं महाराज दीपक शास्त्री जी द्वारा वेद उचारो द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश पंथी, लाखन प्रजापति, लालाराम दुबे, प्रेम सिंह बागड़ी,धनसीग बागड़ी, राजाराम चिढार,शिवगिरी महाराज, देवीलाल साहू,दीपचंद पवार, अनिकेत विश्वकर्मा , परमेश प्रजापति, गोलू रंजक, शिव मंदिर महिला मंडल के अलावा शिव मंदिर समिति सदस्य एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे.

## मुसलमानों को भड़काना संविधान के मूल्यों और पूर्वजों के संघर्ष का अपमान-मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुडे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने कहा हम भारत के एक जिम्मेदार व सबसे बडे राष्ट्रवादी मुस्लिम संगठन होने के नाते, हाल ही में मौलाना महमूद मदनी द्वारा दिए गए उन बयानों की कड़ी निंदा करते है , जिनमें उन्होंने देश के मुसलमानों को उकसाने, भड़काने और जिहाद जैसे कट्टरपंथी शब्दों का प्रयोग करने की कोशिश की है.ऐसे बयान न केवल देश की एकता, सामाजिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था के लिए खतरनाक हैं, बल्कि मुस्लिम समुदाय की छवि खराब करने वाले भी हैं.भारत का मुस्लिम समाज शांति, भाईचारे, कानून और संविधान पर विश्वास रखता है.हम किसी भी प्रकार के उकसावे, नफ़रत या कट्टरपंथ का समर्थन नहीं करते.मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया हम विशेष रूप से यह कहना चाहते है कि वंदे मातरम भारत का राष्ट्रीय गीत है. इसकी निंदा करना, इसका विरोध करना या इसके माध्यम से मुसलमानों को भड़काना हमारे संविधान के मूल्यों और हमारे पूर्वजों के संघर्ष का अपमान है. मुस्लिम राष्ट्रीय मंच यह स्पष्ट करना चाहता है कि हम भारतीय मुस्लिम, भारत माता के सम्मान,और हिंदू-मुस्लिम भाईचारे के साथखड़े हैं और हमेशा खड़े रहेंगे. कुछ व्यक्तियों के उकसाऊ बयान पूरे समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते.इस तरह की बयानबाज़ी केवल देश में माहौल खराब करने का प्रयास है, जिसकी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच सख्त शब्दों में निंदा करता है.

## सांची महोत्सव कार्यक्रम में बुद्धिस्ट सोसाइटी द्वारा दो दिवसीय नि :शुल्क भोजन कराया

नवभारत न्यूज

**पठारी,** सांची महोत्सव में तथागत सम्यक सम्बुद्ध के परम शिष्यों एवं बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया, जिला शाखा विदिशा द्वारा दो दिवसीय निशुल्क भोजन सेवा का सफल आयोजन किया गया.कार्यक्रम में हजारों उपासको को मानवता और करुणा की भावना के साथ भोजन वितरण किया गया.इस सेवा कार्य को सफल बनाने में समाज के वरिष्ठ व्यक्तियों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। जिसमें संतोष अहिरवार अध्यक्ष डॉक्टर भीम राव अंबेडकर स्मारक समिति नटेरन,,नवनीत राम दिवाकर प्रदेश संगठक, जितेंद्र अहिरवार विदिशा, विदिशा जिले की अहिरवार समाज महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आरती चौधरी ,तुलसीराम सूर्यवंशी महेंद्र दिवाकर चंदन सिंह चौधरी , सुनील अहिरवार संजू, कैलाश चंद्रवंशी विनोद अहिरवार बिशनपुर,देवेंद्र सूर्यवंशी,राजेश दोहरे, संजीव शाक्य, भुजबल सिंह चौधरी , छोटेलाल अहिरवार सहित समाज के सभी लोगों ने उदारतापूर्वक सहयोग किया और भोजन दान में अपनी भूमिका निभाई।संस्था के जिला अध्यक्ष जितेंद्र अहिरवार ने कहा कि निशुल्क भोजन सेवा समाज की एकता, भाईचारा, सेवा और संस्कारों का प्रेरणादायी उदाहरण है, जो भविष्य में भी समाज को मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा. जिसमें सभी के सहयोग से भोजन सेवा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.




- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

नि:शुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित

सुनो रेडियो 84 35 250 250

प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए


## डरना नहीं समझना होगा, तभी एड्स से बचना होगा-डॉ .जैन

**जागरुकता और रोकथाम पर हुई संगोष्ठी**




नवभारत न्यूज

**विदिशा, होटल ग्रैंड अशोक में आईएपी एवं आईएमए द्वारा आयोजित संगोष्ठी में आईएपी विदिशा के अध्यक्ष एवं आईएमए के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ एम के जैन ने बताया कि एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने, वायरस से पीड़ित लोगों को सपोर्ट करने और एड्स से जुड़ी बीमारियों से जान गंवाने वालों को याद करने के लिए प्रति वर्ष एक दिसंबर को पूरी दुनिया में 1988 से आयोजित किया जा रहा है.**

विश्व एड्स दिवस की इस वर्ष की थीम एड्स नियंत्रण में आ रही बाधाओं को पार करना, एड्स रस्पॉन्स को बदलना,है ताकि 2030 तक एड्स को नेस्तनाबूद करने के लिए लगातार ग्लोबल सहयोग और मानवाधिकार-केंद्रित तरीकों की ज़रूरत पर ज़ोर देती है.एड्स नियंत्रण हेतु जागरूक होकर सरकार और समाज को साथ मिलकर काम करना होगा. आईएपी के सचिव डॉ सुरेंद्र सोनकर ने कहा कि कमज़ोर आबादी के लिए बीमारी के बारे में लोगों को शिक्षित करने में प्रगति के बावजूद, सामाजिक कलंक और टैबू अभी भी मौजूद हैं, जिससे एचआईवी ट्रांसमिशन, रोकथाम, इलाज, और संक्रमित लोगों के खिलाफ कलंक और भेदभाव से लड़ने के बारे में जागरूकता बढ़ाना ज़रूरी हो जाता है. आईएपी एवं आईएमए के वरिष्ठ सदस्य डॉ आकाश जैन ने कहा कि आज मध्य प्रदेश में लगभग 70000 इस समस्या से ग्रसित है और इंजेक्शन के द्वारा नशे की लत और समलैंगिक यौन संवन्धों के कारण 15-35 वर्ष के युवा एड्स की चपेट में आ रहे है. आईएमए की वरिष्ठ सदस्य एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ ज्योति जैन ने बताया कि एड्स जागरूकता वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन और यूनाइटेड नेशंस द्वारा स्थापित पहला ग्लोबल हेल्थ दिवस घोषित किया गया है.एड्स मतलब शरीर की प्रतिरोधक क्षमता में लगातार कमी होते जाना और उसके कारण सामान्य से सामान्य बीमारी भी विकराल रूप धारण कर अनायास मौत के आग़ोष में जाने को मजबूर कर देती है. आईएपी के सदस्य डॉ हेमंत यादव ने बताया कि एड्स एक जानलेवा ख़तरनाक बीमारी है जोकि एचआईवी वाइरस से फैलती है.

**समापन** | **अंतिम दिवस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में हास्य, श्रृंगार और भक्ति के रंग-सुप्रसिद्ध कवियों की प्रभावी प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध**

# बौद्ध विचार पर केंद्रित दो दिवसीय महाबोधि महोत्सव का भव्य समापन

नवभारत न्यूज

**सांची,संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा 'बौद्ध विचार' पर केंद्रित दो दिवसीय महाबोधि महोत्सव का समापन शनिवार रात सांची स्थित बुद्ध जम्बूद्वीप पार्क परिसर में हुआ.जिला प्रशासन रायसेन एवं महाबोधि सोसायटी ऑफ श्रीलंका के सहयोग से आयोजित इस समारोह के अंतिम दिवस श्रीलंका की ललिता गोमरा एवं दल ने पारंपरिक लोकनृत्य, लोकगायन और मंगलम पूजा जैसी**




**आध्यात्मिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को बौद्ध संस्कृति के भावलोक में पहुँचाया.**

इसके पश्चात आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देशभर से आए सुप्रसिद्ध कवियों-सूर्यकुमार पाण्डेय, स्वयं श्रीवास्तव, सुमित मिश्रा, अभिसार शुक्ला, हिमांशी बाबरा, मनु वैशाली, दीपक शुक्ला एवं चेतन चर्तित-ने अपनी-अपनी प्रभावशाली रचनाएँ सुनाई.

सूर्यकुमार पाण्डेय की व्यंग्य रचनाओं ने सभागार में ठहाकों की गूंज भर दी, वहीं स्वयं श्रीवास्तव और सुमित मिश्रा की भावपूर्ण कविताओं ने श्रोताओं का दिल छू लिया.अभिसार शुक्ला और मनु वैशाली ने भक्ति एवं संवेदना से भरी कविताओं से वातावरण को गरिमामय किया.इंदौर के चेतन चर्तित की प्रेरक पंक्तियों और भोपाल के दीपक शुक्ला की हास्य रचना पापा सुनो मम्मी मुझे रोज-रोज मारती है ने महोत्सव के समापन क्षणों को यादगार बना दिया.

सांस्कृतिक वैविध्य, बौद्ध लोक परंपराओं और काव्य रसधारा से सजे इस दो दिवसीय महोत्सव का समापन देर रात ऊर्जस्वित वातावरण में हुआ.शब्द, स्वर और संस्कृति से सजा महाबोधि महोत्सव शांति और सौहार्द का संदेश देकर संपन्न हुआ.इस अवसर पर शांतिपूर्ण ढंग से दोदिवसीय कार्यक्रम के समापन होने पर स्थानीय प्रशासन पुलिस प्रशासन महाबोधि सोसायटी श्री लंका ने सभी अधिकारी कर्मचारियों समाज सेवी नगर वासियों का सफल कार्यक्रम आयोजन के लिए आभार प्रकट किया है.



## महाविद्यालय में मना गीता जयंती महोत्सव

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अन्तर्गत शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया. भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. कल्पना पंचोली ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा वर्तमान परिवेश में श्रीमद्भगवद्गीता के ज्ञान की प्रासंगिकता पर व्याख्यान दिया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत ने वर्तमान में गीता के व्यवहारिक अनुप्रयोग पर अपने विचार व्यक्त किए. प्रो. अनामिका ठाकुर के मार्गदर्शन में गीता श्लोक-गायन प्रतियोगिता सम्पन्न हुई. जिसमें प्रथम कामना तिवारी, द्वितीय राज शर्मा तथा तृतीय भावना दांगी रही. आकांक्षा बघेल एवं चीना ठाकुर ने भी सराहनीय प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में आभार डॉ. अभिषेक चौहान ने व्यक्त किया.